ओडीओपी योजना के तहत होगा गुड़ महोत्सव

राज्य मुख्यालय। एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग 'राज्य गुड़ महोत्सव' आयोजित करेगा। प्रदेश के गन्ना आयुक्त संजय आर.भूसरेड्डी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को यह निर्णय विभाग के अधिकारियों तथा गुड़ महोत्सव के आयोजन तथा उसके क्रियान्यवन से जुड़ी विभिन्न समितियों में नामित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गुड़ की उत्पादकता एवं खाण्डसारी उद्योग की बढ़ती प्रगति को देखते हुए प्रदेश में गुड़ को एक जनपद एक उत्पाद योजना में चयनित किया गया है।